**बिहार सरकार**
**ग्रामीण विकास विभाग**

पत्रांक:- 5805950 दिनांक:- 22.06.26
ग्रा०वि०-04/भू-अर्जन-01-18/2025

सेवा में,

**महालेखाकार,**
बिहार, पटना।

**विषय:-** **समस्तीपुर जिलान्तर्गत विद्यापतिनगर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन निर्माण हेतु 3 (तीन) एकड़ भूमि अर्जन हेतु कुल अनुमानित प्राक्कलित राशि ₹17,39,31,585/- (सत्रह करोड़ उनतालीस लाख इकतीस हजार पांच सौ पचासी) की प्रशासनिक स्वीकृति।**

**आदेश:-** **स्वीकृत।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक समस्तीपुर जिलान्तर्गत विद्यापतिनगर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन निर्माण हेतु 3 (तीन) एकड़ भूमि अर्जन हेतु कुल अनुमानित प्राक्कलित राशि ₹17,39,31,585/- (सत्रह करोड़ उनतालीस लाख इकतीस हजार पांच सौ पचासी) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(2) उपर्युक्त योजना का कार्यान्वयन ग्रामीण विकास विभाग के लिए निर्धारित योजना उद्व्यय के अन्तर्गत मांग संख्या-42, योजना मुख्य शीर्ष-4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय उप मुख्य शीर्ष-00 लघु शीर्ष-103-ग्राम विकास, उप शीर्ष-0102-प्रखंड-लघु निर्माण कार्य, विपत्र कोड-42-4515001030102, विषय शीर्ष-53-मुख्य कार्य, 0102-53-02 भू-अर्जन मद के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

(3) स्वीकृति राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर होंगे तथा राशि की निकासी जिला कोषागार, समस्तीपुर से की जायेगी

(4) राशि की निकासी हेतु आवंटन आदेश अलग से निर्गत किया जाएगा।

(5) जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर भूमि के मूल्य निर्धारण आदि करने के साथ ही भूमि अर्जित करने संबंधी प्रक्रिया (भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013) का पालन एवं स्वीकृत राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करेंगे।

(6) स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय के क्रम में वित्त नियमावली/बिहार कोषागार संहिता/बजट मैनुअल तथा वित्त विभाग के परिपत्र सं0-2561 वि0(2) दिनांक 17.04.1998 एवं समय-समय पर निर्गत अनुदेशों/ निदेशों का अनुपालन किया जायेगा। व्यय विवरणी ससमय विभाग तथा महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

(7) वित्त विभागीय संकल्प सं०-12888 दिनांक-03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार के रूप में विभागीय मंत्री एवं वित्त मंत्री की स्वीकृति संचिका संख्या- ग्रा०वि०-04/भू-अर्जन-01-18/2025 के क्रमशः पृ0-121/टि0 पर दिनांक-15.05.2026 एवं पृ0-128/टि0 पर दिनांक-15.06.2026 को प्राप्त है।

(8) स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या-ग्रा०वि०-04/भू-अर्जन-01-18/2025 के पृ0- 132/टि0 पर दिनांक 19-6-26 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

22/6/26

**(रवि कुमार)**

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:- 5805950 दिनांक:- 22.06.26

**प्रतिलिपि-** सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/ सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/ प्रभारी पदाधिकारी, वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:- 5805950 दिनांक:- 22.06.26

**प्रतिलिपि-** आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/ जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर/ उप विकास आयुक्त, समस्तीपुर/ जिला कोषागार पदाधिकारी, समस्तीपुर/ प्रखंड विकास पदाधिकारी, विद्यापतिनगर (समस्तीपुर)/अंचलाधिकारी, विद्यापतिनगर(समस्तीपुर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:- 5805950 दिनांक:- 22.06.26

**प्रतिलिपि-** मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग/ आई.टी. मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ) को सूचनार्थ प्रेषित।

22/6/26

सरकार के संयुक्त सचिव